जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, मंगलवार 23 दिसम्बर, 2025

## संक्षिप्त

### लिजेंट स्टार टीम रही विजेता

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** डीसी फिजो केयर व भगवती ग्रुप आफ एजुकेशन द्वारा रविवार को राजकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में एक मैत्री मैच का आयोजन किया गया। टॉस के बॉस व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद अग्रवाल रहे। व्यापार मंडल के कप्तान सुनील खुंटामार व टीम लीजेंड स्टार के कप्तान डॉ॰अनुज शर्मा के मध्य टॉस करवाया। टीम व्यापार मंडल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। व्यापार मंडल का यह निर्णय गलत साबित हुआ व्यापार मंडल की तरफ से अथर्व ने 25 गेंद पर 46 रन , अंकुर ने 13 गेंद पर 27 रन बनाए। अमित बॉस डॉ॰डीसी शर्मा की गेंदबाजी के आगे व्यापार मंडल ज्यादा रन नहीं बना सकी। जवाब में लिजेंट स्टार की टीम खेलने उतरी तो चेतन अग्रवाल की तूफानी पारी 34 गेंद पर 72 रन से एक तरफा मैच में 11.3 ओवर में विजय हासिल हो गई।

### गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं पर दिया जोर

**करौली, (निसं)।** करौली-मासलपुर ब्लॉक मीटिंग का आयोजन स्थानीय कनक पैलेस में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ. जयंती लाल मीणा ने कहा कि शिविरों के दौरान आमजन को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं तथा समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एनसीडी जांच, सी-बैक फॉर्म, आभा आईडी, शक्ति दिवस, पीएमएसएमए, एएनसी, टीकाकरण, महिला नसबंदी एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए पुरुष नसबंदी को बढ़ाने के निर्देश दिए।बीसीएमओ डॉ. ओपी महावर ने सेक्टर वाइज स्थिति प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रमों एवं योजनाओं में प्रगति की आवश्यकता जताई।

# छात्राओं ने स्कूटी वितरण में देरी पर जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में स्कूटी वितरण में हो रही देरी और शिक्षकों की कथित कर्तव्यहीनता को लेकर छात्राओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। स्कूटी से वंचित छात्राओं ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

छात्राओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र स्कूटी वितरित नहीं की गईं तो वे आंदोलन करेंगी। छात्र नेता सीताराम गुर्जर ने बताया कि राजकीय पीजी कॉलेज गंगापुर सिटी स्कूटी वितरण के लिए नोडल महाविद्यालय है। पिछले वर्ष से कई सत्रों की स्कूटियां अब तक वितरित नहीं की गई हैं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि स्कूटी वितरण प्रभारी और राजनीति विज्ञान के सह आचार्य धर्मवीर मीणा की कार्य के प्रति लापरवाही और कॉलेज से अक्सर गैरमौजूद रहना इसका मुख्य कारण है। छात्राओं का कहना है कि प्रभारी अपनी इच्छा अनुसार कॉलेज आते-जाते हैं और वितरण से जुड़े कार्यों को गंभीरता से नहीं लेते। छात्राओं ने यह भी शिकायत की कि स्कूटी नहीं मिलने से उन्हें आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रिंसिपल स्तर पर भी उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें रोष बढ़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने स्कूटी वितरण प्रभारी से फोन पर बातचीत की और उन्हें शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, स्कूटी से संबंधित कार्यों के लिए मंगलवार को सवाई माधोपुर भेजने के निर्देश भी दिए गए। वहीं, स्कूटी प्रभारी धर्मवीर मीणा ने इन आरोपों का खंडन किया है। उनका कहना है कि महाविद्यालय स्तर पर स्कूटी के संबंध में कोई पेंडेंसी नहीं है। आरसी हस्तांतरण में आरटीओ कार्यालय से देरी के कारण बालिकाओं को स्कूटी का समय पर वितरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि आवश्यक दस्तावेज प्रभारी द्वारा आरटीओ ऑफिस भिजवा दिए गए हैं। मीणा ने गैरमौजूद रहने जैसी बात को भी गलत बताया और कहा कि महाविद्यालय प्रशासन इसकी निगरानी कर रहा है, और यह शिकायत पूर्वाग्रह से ग्रस्त है। ज्ञापन सौंपने वाली छात्राओं में भारती मीणा, मनीषा कंवर, विनीता माली, सुमन बाई खरवाल, खुशबू खान, निशा बैरवा, कोमल मीणा सहित अन्य छात्राएं शामिल थीं।

## मनरेगा को कमजोर करने के विरोध में प्रदर्शन

**करौली, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के मार्गदर्शन में जिला कांठोस कमेटी करौली द्वारा जिला अध्यक्ष घनश्याम महर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सामने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम महर ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों गरीब, मजदूर एवं ठाामीण परिवारों की जीवनरेखा है। भाजपा सरकार बजट में कटौती, भुगतान में देरी एवं योजना की मूल भावना को समाप्त कर इसे कमजोर करने का षड्यंत्र कर रही है, जिसे कांठोस पार्टी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

# कुम्हेर नगरपालिका का किया निरीक्षण

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** जिले में सुशासन की अवधारणा को सुदृढ़ करने और सरकारी कार्यालयों में कार्मिकों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने सोमवार को कुम्हेर नगरपालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय संचालन, उपस्थिति पंजिका और निर्माणाधीन विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनहित के कार्यों में शिथिलता और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी।

जिला कलेक्टर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका की जांच में कई कार्मिक बिना पूर्व सूचना के नदारद पाए गए। इनमें संतोष (फायरमैन), ममता शर्मा (सहायक कर्मचारी), जयकुमार शर्मा (एमआईएस मैनेजर-संविदा) और ममता (कनिष्ठ तकनीकी सहायक-संविदा) शामिल हैं। कार्यालय समय में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने अधिशाषी अधिकारी कुम्हेर को संबंधित कार्मिकों से स्पष्टीकरण मांगने और नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने नगरपालिका परिसर में चल रहे निर्माणाधीन भवन का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण सामठाी और कार्य की तकनीकी गुणवत्ता को परखा। कौशल ने अभियंताओं और संवेदक को निर्देशित करते हुए कहा, सरकारी धन जनता की कमाई है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों और समय सीमा के भीतर पूर्ण होना चाहिए।

# बढ़ते नशे के कारोबार पर लगाम के लिए युवा हुए एकजुट

- यावाओं ने एएसपी को ज्ञापन देकर तस्करों पर लगाम लगाने की मांग की

**गंगापुर सिटी, (निसं)।।** शहर में स्मैक के बढ़ते कारोबार पर लगाम लगाने की मांग को लेकर युवाओं ने सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में काजी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय स्मैक सप्लायरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। नागरिकों ने थाना उदेई मोड़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि काजी कॉलोनी और उसके आसपास के इलाकों में कुछ युवक लंबे समय से खुलेआम स्मैक की सप्लाई कर रहे हैं। इससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ रहा है और स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा है।

नागरिकों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी थाना उदेई मोड़ में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन पुलिस ने शिकायत लेने से इनकार कर दिया था। आरोप है कि थाने में तैनात एक कर्मचारी ने शिकायतकर्ताओं को बिना सबूत के आरोप न लगाने की बात कहकर वापस भेज दिया था। नागरिकों ने 18 दिसंबर की एक घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उस दिन कॉलोनीवासियों ने एक स्मैक सप्लायर को रंगे हाथों स्मैक के साथ पकड़ा और उसे थाने ले गए। आरोप है कि थाने में मौजूद कर्मचारियों ने शिकायतकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया और उल्टा उन पर धारा 151 के तहत कार्रवाई करने की धमकी दी। इस घटना से आम जनता का मनोबल गिरा और स्मैक सप्लायरों के हौसले और बढ़ गए। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि थाना उदेई मोड़ पुलिस स्मैक सप्लायरों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है।

इससे यह संदेह पैदा होता है कि पुलिस की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। नागरिकों ने काजी कॉलोनी में सक्रिय बताए जा रहे स्मैक सप्लायर के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिशान, फैज, सलमान, साहिल, शाहिद सहित कई स्थानीय नागरिक शामिल थे। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित

**टोडाभीम।** पाडला रोड पर संचालित राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा शिविर योजना में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टोडाभीम हॉस्पिटल में कार्यरत चिकित्सक डॉक्टर लोकेश मीना रहे ।जिनका सबसे पहले कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर चरण सिंह मीना ने माला पहनाकर स्वागत ।इस दौरान डॉक्टर लोकेश मीना ने बताया की कॉलेज एक स्वतंत्र जीवन जीने का मौका मिलता है ।कहा की हमे जीवन मे तनाव नही लेना चाहिये ।वही उन्होंने कहा की अगर कभी भी आपको साँप काट लेता है तो हमे सीधा हॉस्पिटल जाना चाहिये ।कभी भी देवी देवताओं के चक्कर नही पड़ना चाहिये।आपको पता होना चाहिये की साँप का काटने का इलाज हॉस्पिटल में बहुत अच्छा है। जिससे हम मरीज की जान बचा सकते है।वही पढ़ाई को लेकर कभी लोड नही लेना चाहिये ।अच्छा खाना चाहिये।हमे सुबह घूमने जाना है हमे सुबह की समय शुद्ध हवा मिलती है । वही इस दौरान उन्होंने कहा कि जब कभी अगर हम जल जाते हैं तो हमें सीधा अस्पताल जाना चाहिए क्योंकि जलने का अस्पताल में बहुत बेहतर इलाज है वही नशा से हमें हमेशा दूर रहना चाहिते।वही एक बालिका ने डॉक्टर से पूछा की डिफ्रेशन आखिर होता कु है ओर इसमे बेहोश मरीज हो जाता है ।इसको लेकर डॉक्टर लोकेश मीना ने बताया की जब हम ज्यादा लोड लेते है तो हम बेहोश हों जाते है ।हमे तनाव नही लेना चाहिये ।तनाव लेने से हमारे सिर पर लोड बढ़ जाता है और हमे बेहोशी आ जाती है।इसलिये हमे तनाव बिल्कुल नहीं लेना चाहिए इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर चरण सिंह मीणा ने बताया कि आज के समय अधिकतर थोड़ी सी ही बात हो जाने पर हम तनाव लेना शुरू कर देते हैं ।जबकि हमें ऐसा नहीं करना चाहिए ।वहीं उन्होंने कहा कि आजकल मोबाइल भी हमारे जीवन की एक जरूरत बन गया है। दिनभर हम फोन पर लगे रहते हैं ।यह बिल्कुल गलत है अधिक फोन देखने से भी सिर में तनाव बढ़ता है। वही इस दौरान कॉलेज के स्टाफ व कॉलेज के छात्र छात्राये मौजूद रहे ।

### शिविर में 127 मरीजो को किया चिन्हित

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** अपना घर सेवा समिति और लायंस क्लब गरिमा ने एंकर सेवा समिति, दौसा के तकनीकी सहयोग से एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया। रविवार को करौली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में आयोजित इस शिविर में कुल 189 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इनमें से 127 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन के लिए चि त किया गया है। शिविर का उद्घाटन नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष रमेश चंद पट्टीवाले की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। इस दौरान अतिथियों, चिकित्सकों और उनकी टीम का सम्मान किया गया। समिति अध्यक्ष अशोक कुमार बंसल ने स्वागत उद्बोधन में शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अध्यक्ष रमेशचंद पट्टी ने अपना घर सेवा समिति की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। लायंस क्लब गरिमा के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल ने बताया कि क्लब पिछले सात वर्षों से लगातार ऐसे निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहा है। मुख्य अतिथी शिवरतन अग्रवाल ने अपना घर सेवा समिति और लायंस क्लब गरिमा के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के लिए ऐसे शिविर अत्यंत उपयोगी हैं।

